हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

वर्तमान निदेशक मंडल

श्री एम. समाजपति
कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री पी. स्वरूप
निदेशक (प्रचालन)

श्री आर. के. भार्गव
श्री वी. के. ठकराल

कंपनी सचिव

श्री सी. एस. सिंघी

लेखा परीक्षक

मेसर्स एम. सी. भंडारी एंड कं., कोलकाता
मेसर्स दिनेश मेहता एंड कं., नयी दिल्ली

बैंकर

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर
इंडियन ओवरसीज बैंक
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
सिंडिकेट बैंक
पंजाब नेशनल बैंक
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद

पंजीकृत कार्यालय

ताम्र भवन
1, आशुतोष चौधरी एवेन्यू
कोलकाता - 700 019

विषय सूची

- निदेशक मंडल **1**
- निदेशक मंडल का प्रतिवेदन **3**
- निदेशक मंडल के प्रतिवेदन का परिशिष्ट **19**
- लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ **20**
- 10 वर्षों पर एक दृष्टि **25**
- लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन **26**
- लेखा नीतियाँ **31**
- तुलन पत्र **34**
- लाभ एंव हानि लेखा **35**
- लेखा की सारणियाँ **36**
- टाउनशिप एवं सामाजिक सुविधाओं पर पूंजीगत व्यय **58**
- सामाजिक उपरिव्यय सहित टाउनशिप पर व्यय **59**
- तुलन पत्र का सारांश तथा कंपनी के सामान्य व्यवसाय की रूपरेखा **60**
- नकदी प्रवाह का विवरण **61**

निदेशक मंडल का प्रतिवेदन

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
कोलकाता के शेयरधारको

1. आपके निदेशक 31 मार्च, 2005 को समाप्त वर्ष के लिए लेखों का लेखा परीक्षित विवरण तथा लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन के साथ कंपनी का सैंतीसवां वार्षिक प्रतिवेदन सहर्ष प्रस्तुत कर रहे हैं :

2. **वित्तीय कार्य निष्पादन**

वर्ष 2004-2005 और 2003-2004 के कंपनी के कार्य परिणामों की तुलनात्मक स्थिति निम्नलिखित हैं :

		(रु. करोड़)
मद	**2004-2005**	**2003-2004**
क. बिक्री (टन)	26,043	30,144
ख. कारोबार	559.11	518.87
ग. ब्याज, मूल्यह्रास, प्रावधान और बट्टे खाते तथा कर पूर्व लाभ	127.79	33.73
घ. ब्याज	42.99	59.63
ङ. मूल्यह्रास, प्रावधान एवं बट्टे खाते	32.74	30.26
च. कर पूर्व लाभ	52.06	56.16
छ. कराधान के लिए प्रावधान	0.00	0.00
ज. आस्थगित कर से पूर्व लेकिन करोत्तर शुद्ध लाभ/(हानि)	52.06	(56.16)

कंपनी के वित्तीय कार्य-निष्पादन में पर्याप्त सुधार हुआ जैसा कि कंपनी ने लगभग 8 वर्षों के अंतराल का बाद 2004-05 में रु. 52.06 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया । बेहतर उत्पादन प्रक्रिया, स्वै.से.नि. द्वारा जनशक्ति का युक्तिकरण, ब्याज लागत में कमी और कंपनी द्वारा कार्यान्वित अन्य लागत कम करने के उपायों के कारण यह सुधार हो पाया है । अच्चे कार्य परिणाम हासिल करने में ताँबे के लं.धा.बा. मूल्य में हाल में आये उछाल ने भी योगदान किया है।

2003-04 की रु. 25.90 करोड़ की नकद हानि की तुलना में 2004-05 के दौरान नकद लाभ रु. 84.80 करोड़ था ।

3.1 वर्ष 2004-2005 के दौरान मलंजखंड ताम्र परियोजना में हुआ 23.43 लाख टन अयस्क पेषण अब तक का सर्वोच्च कीर्तिमान था ।

3.2 इंडियन कॉपर काम्प्लेक्स, घाटशिला में मार्च, 2005 के महीने में 2001 मी.टन फफोलेदार ताँबे का अब तक का सर्वोच्च उत्पादन प्राप्त किया गया । वर्ष 2004-05 में 95.99% की वसूली सर्वोच्च थी । इसी प्रकार ईंधन, तेल और आक्सीजन के विशिष्ट उपभोग आँकड़े निम्नतर थे। इसके अलावा उपकरणों की वर्धित उपलब्धता और प्रक्रिया घट-बढ़ की सघन मानिटरिंग से 2004-05 के दौरान उत्पादों का 15.72% का निम्नतर ताम्र गौण/प्रक्रिया मध्यवर्ती का उत्पादन हुआ ।

3. उत्पादन कार्य निष्पादन

उत्पाद	**2004-2005 (अप्रैल 2004 से मार्च 2005)**				**2003-2004 (अप्रैल 2003 से मार्च 2004)**			
	केसीसी	आईसीसी	एमसीपी	कुल	केसीसी	आईसीसी	एमसीपी	कुल
उद्वाहित अयस्क ('000 टन)	872	–	2,051	2,923	574	–	2,321	2,895
अयस्क पेषित ('000 टन)	894	–	2,342	3,236	678	–	2,265	2,943
सांद्र धातु (टन)	7,742	–	21,184	28,926	6,249	–	22,057	28,306
फफोलेदार ताँबा (टन)	4,843	14,449	–	19,292	28,173	2,697	–	30,870
कैथोड (टन)	11,675*	12,511	–	24,186	27,303	3,295	–	30,598
सी सी वायर राड (टन)	–	–	–	27423**	–	–	–	28,003

* 4909 टन टोल्ड कैथोड सहित

** अन्य पार्टियों की ओर से 4220 टन की टोलिंग सहित

केसीसी-खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स, आईसीसी-इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स, एमसीपी-मलंजखंड ताम्र परियोजना

3.3 केसीसी में प्रगालक/परिष्करणशाला संयंत्र की प्रमुख ओवरहालिंग के कारण 2004-2005 में में कैथोड उत्पादन प्रभावित हुआ । संयंत्र अब 20 अप्रैल, 2005 से चालू हो गया है ।

3.4 चूँकि कंपनी का मूल्यवान धातु वसूली संयंत्र चालू नहीं था, अत: वर्ष के दौरान मूल्यवान धातु जैसे सोना और चाँदी का उत्पादन शून्य रहा। तथापि 36.02 मी. टन एनोड स्लाइम, एक प्रक्रिया मध्यवर्ती, जिसमें करीब 180 किलोग्राम सोना और 3850 किलोग्राम चाँदी समाविष्ट है, को अवधि के दौरान उत्पादित किया गया। मू.धा.व. संयंत्र जुलाई, 2005 से उत्पादन चक्र में शामिल हो जाएगा ।

4. विद्युत आपूर्ति की स्थिति

आईसीसी इकाई को छोड़कर कंपनी की सभी इकाइयों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति कमोबेश संतोषजनक रही । आईसीसी में झा.रा.वि.प. के भुगतान दोष के कारण दा.घा.नि. द्वारा यदाकदा विद्युत कटौती की गई। हिकॉलि ने इस विषय को दा.घा.नि. और झा.रा.वि.प. के समक्ष उठाया है और अद्यतत स्थिति तुलनात्मक स्थिर है ।

5. ऊर्जा संरक्षण

हि.कॉ.लि. ने अयस्क खनन से ताम्र धातु तथा अन्य गौण-उत्पादों को निकालने की प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर ऊर्जा संरक्षण उपायों को निरन्तर प्राथमिकता दी है । प्रचालन को ऊर्जा दक्ष बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है । कंपनी ने उत्पादन के अधिकांश क्षेत्रों में विशिष्ट उपभोग की दर में गत वर्षों की तुलना में कभी लाने में सफलता प्राप्त की । इस संबंध में केसीसी खान, आईसीसी, एमसीपी और टीसीपी (केसीसी प्रगालक जुलाई 2004 से मार्च, 2005 तक शटडाउन था) में हासिल उपलब्धियां नीचे दी गई हैं :

	विशिष्ट उपभोग	इकाई	2004-2005	2003-2004
1.	केसीसी खान ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	18.07	23.60
2.	एमसीपी खान ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	0.881	1.011
3.	आईसीसी प्रगालक ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	1133.45	1561.40
4.	आईसीसी रिफाइनरी ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	276.48	307.17
5.	आईसीसी गंधकाम्ल ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	180.74	355.52
6.	टीसीपी ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	117.57	120.98
7.	केसीसी अयस्क पेषण ऊर्जा	किलोवाट घंटा/टन	23.69	24.73
8.	आईसीसी प्रगालक ईंधन उपभोग	लीटर/टन	467.25	739.33
9.	आईसीसी प्रगालक आक्सीजन उपभोग	एनएम3/टन	389.30	555.92

6. टाउनशिपों का हस्तानान्तरण

झा.रा.वि.प. एवं राज्य सरकार द्वारा दावा की गई रु. 64.15 करोड़ की राशि जिसमें 31.08.2003 (मोसाबनी) और 30.09.2003 (राखा इकाई) का बकाया विद्युत ईंधन अधिभार एवं डीपीएस तथा 31.03.2000 तक का जल कर शामिल है, के एक बार निपटान पर झारखंड सरकार ने भूमि, इमारतें, अस्पताल और अन्य जनोपयोगी इमारतों सहित मोसाबनी एवं राखा की टाउनशिपों के अधिग्रहण का निर्णय किया है । गजट अधिसूचना के बाद अब टाउनशिपों को सौंपने के लिए रिसीवर नियुक्त किया गया है । ईंधन अधिभार और जल कर के उक्त दावे का निपटान लंबित होने के कारण कंपनी की लेखाबही में रु. 36.54 करोड़ का प्रावधान है । आस्तियों को अन्तिम रूप से सौंपने के बाद निपटान की शेष राशि और आस्तियों के हस्तानांतरण के लेखा प्रभाव को भी प्रभारित कर लिया जाएगा ।

7. सुरक्षा

हि.कॉ.लि. की सभी गतिविधियों मे सुरक्षा को निरन्तर प्राथमिकता दी जाती रही है । राजस्थान की कोलिहान ताँबा खान ने पूर्व वर्ष 2003-04 की तरह इस वर्ष के दौरान भी शून्य दुर्घटना प्रतिष्ठा को बनाए रखा।

मध्य प्रदेश में अवस्थित मलंजखंड ताम्र परियोजना में पूर्व वर्ष 2003-04 की 6 की तुलना में वर्ष के दौरान 5 दुर्घटनाएँ हुई।

खेतड़ी ताँबा खान जनवरी 2003 से दिसम्बर, 2003 (करीब एक वर्ष) तक बंद थी और जनवरी, 2004 से फिर से खोली गयी । इसने वर्ष 2004-05 के दौरान पूरे वर्ष कार्य किया और 2003-04 की शून्य की तुलना में यहाँ 6 दुर्घटनाएँ हुई । 2004-05 के दौरान हिकॉलि में कुल 11 दुर्घटनाएँ हुई । वर्ष के दौरान कोई घातक दुर्घटना नहीं हुई ।

खान में सुरक्षा पर फरवरी, 2002 को हुए 9 वें सम्मेलन की अनुशंसाओं तथा हिकॉलि की त्रिपक्षीय समिति की बैठक के निर्णयों को कार्यान्वित किया गया है । मध्य प्रदेश और राजस्थान की सभी परियोजनाओं की खानों में होनेवाली मासिक सुरक्षा समिति बैठक में सुरक्षा संबंधी विषयों पर नियमित रूप से विचार विमर्श किया जाता है ।

नियमित सुरक्षा अभियानों जैसे अग्नि सेवा दिवस, अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिताएँ, वार्षिक सुरक्षा सप्ताह समारोह आदि में कंपनी के कर्मचारियों द्वारा सक्रियतापूर्वक भाग लिया गया ।

8. विपणन

8.1 वर्ष 2004-05 के दौरान चूँकि केसीसी प्रगालक प्रमुख ओवरहालिंग के लिए शटडाउन किया गया था, इसलिए ताँबे की बिक्री पूर्व वर्ष के 2512 मी.टन के मासिक औसत की तुलना में 2170 मी.टन के मासिक औसत से 26043 मी.टन तक सीमित रही । कुल बिक्री हुए टनों में 23607 मी.टन सीसी रॉड और 2436 मी.टन कैथोड और विविध ताँबा शामिल है । 2003-04 के 461 मी.टन की तुलना में वर्ष के दौरान वायरबार की बिक्री शून्य रही । ताँबे की कम उपलब्धता और वायर बार से कम वसूली को ध्यान में रखकर जुलाई, 2003 से वायरबार उत्पादन बंद कर दिया गया था । तथापि 20 अप्रैल, 2005 से केसीसी प्रगालक के पूर्ण से प्रचालनरत होने से वायर बार का उत्पादन फिर से करने का निर्णय किया गया है ।

8.2 वर्ष 2004-05 के दौरान लंदन धातु बाजार का औसत अमेरिकी डालर 3000.18 था, जिसके स्थिर रहने की आशा की जाती है ।

9. नई परियोजनाओं/विस्तार योजनाओं की प्रगति

वर्ष के दौरान कोई नई परियोजनाएँ/विस्तार योजनाएँ हाथ में नहीं ली गई ।

10. लघु उद्योगों एवं सहायक इकाइयों का विकास

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की सभी इकाइयाँ अपने क्षेत्र और आसपास के लघु उद्योगों एवं सहायक इकाइयों से सामग्री लेकर उन्हें प्रोत्साहित करने के संबंध में सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करती रही । लघु उद्योगों/एनएसआईसी इकाइयों से ग्राइंडिंग मीडिया, अर्थ मूविंग उपकरण तथा अतिरिक्त पुर्जे आदि जैसे सामान नियमित रूप से खरीदे जाते हैं । लघु उद्योगों एवं सहायक इकाइयों को आयात विकल्प सामानों के विकास के लिए सहायता प्रदान की जाती है ।

11. अनुसंधान एवं विकास

i. विशिष्ट क्षेत्र जिनमें वर्ष के दौरान अ. एवं वि. गतिविधियाँ की गयीं : कुछ नहीं ।

ii. अ. एवं वि. के परिणामस्वरूप मिले लाभ : कुछ नहीं ।

iii. भावी कार्य योजना : हि.कालि. द्वारा 2004-05 में कार्यारम्भ करने के लिए दो याजनाएं हाथ में ली गई हैं । एक का संबंध एमसीपी में लीन ग्रेड सल्फाइड अयस्क में जैव-विक्षालन से है और दूसरे का संबंध आक्सीडाईज्ड अयस्क के सज्जीकरण के रिएजेन्टों का समुचित सम्मिश्रण के चयन का है ।

iv. अ. एवं वि. पर व्यय : लागू नहीं होता ।

12. विज्ञान एवं तकनीकी/तकनीकी अन्तर्लयन

वर्ष के दौरान कंपनी ने प्रक्रिया लागत में कमी के ध्येय से प्रचालनीय प्रथाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया । वर्ष के दौरान कोई नई तकनीकी का अंतर्लयन नहीं किया गया ।

13. हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

कंपनी के कार्यालयों एवं इकाइयों में हिन्दी पखवाड़ा, हिन्दी सप्ताह, हिन्दी दिवस मनाया गया, जिसके अंतर्गत अनेक हिन्दी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया । हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में माननीय गृह मंत्री, कोयला एवं खान राज्य मंत्री और अध्यक्ष महोदय के संदेश सभी कार्यालयों/इकाइयों में वितरित किए गए और पढ़े गए । 2004-05 के दौरान कंपनी के कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रयास किए गए । प्रधान कार्यालय और इकाइयों में हिन्दी कार्यशालाओं का संचालन कर कर्मचारियों को अपने कार्यसाधक ज्ञान का अपने दैनन्दिन कार्यालयीन कार्यों में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया । राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जाँच बिन्दुओं को और प्रभावी बनाया गया । हिन्दी में प्राप्त सभी पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया गया। प्रधान कार्यालय में अध्यक्ष महोदय तथा इकाइयों में इकाई प्रधान की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने अपनी तिमाही बैठकों में हिन्दी की प्रगति तथा इसके मार्ग में आने वाली कठिनाइयों की नियमित समीक्षा की । कंपनी के प्रधान कार्याल को 12 अगस्त, 2004 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), कोलकाता की राजभाषा पुरस्कार योजना, 2003-04 के अंगर्तत हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजभाषा वैजयन्ती प्रदान की गई ।

वर्ष के दौरान खान मंत्रालय की निरीक्षण समिति ने 16 नवम्बर, 2004 को प्रधान कार्यालय में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग का निरीक्षण किया । समिति ने हिन्दी में किए जा रहे कार्यों की मात्रा पर संतोष व्यक्त किया। कम्प्यूटर में हिन्दी प्रयोग को और बढ़ाया गया । वर्ष 2003-04 का कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन अंग्रेजी के साथ-साथ हिन्दी में भी प्रकाशित किया गया है । कंपनी की वेबसाइट हिन्दी में कार्यरत है । सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी में हस्ताक्षर करने तथा फाइलों में ज्यादा से ज्यादा टिप्पणियाँ हिन्दी में लिखने की सलाह दी गई है ।

14. प्रबंधकीय विचार विमर्श और विश्लेषण

14.1 उद्योग संरचना एवं विकास

वर्ष 2004-05 में भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक अर्थव्यवस्था ने मंदी की प्रवृत्ति से सफलतापूर्वक निकलकर अच्छा प्रदर्शन किया । वर्ष के दौरान विश्व बाजार में तांबें की माँग लगातार बढ़ती जा रही है । जापान, जिसने प्राय: संतृप्त शिखर प्राप्त कर लिया है, को छोड़कर एशिया में अभी भी उच्च वृद्धि दर है । फलस्वरूप विश्व बाजार में ताँबे का मूल्य पिछले एक वर्ष से लगातार अमेरिकी डालर 3000 से अमेरिका डालर 3300 प्रति टन के आसपास घुमता रहा और निकट भविष्य में इस प्रवृत्ति के जारी रहने की आशा है । भारत में प्राथमिक और गौण दोनों परिष्कृत ताँबे की माँग में औसतन लगभग 4-5% की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई है । विश्व के औसत 3-4% का अतिक्रमण करते हुए मोटे तौर पर देश में ताँबे के प्रयोग में इस वर्ष 5% की वृद्धि निरूपित की गई । लेकिन अभी भी हम चीन से काफी पीछे हैं, जहाँ पिछले दशक के दौरान औसत वृद्धि दर 13% है । भारत में प्राथमिक ताँबे की उत्पादन क्षमता 1997 के मात्र 47,500 मी.टन प्रति वर्ष से बढ़कर 2004 में लगभग 4,75,000 मी.टन हो गई है और आने वाले वर्षों में इसके 9,00,000 मी.टन हो जाने की आशा है ।

14.2 अवसर और आशंकाएँ

हि.कॉ.लि भारत में खनन करने वाली एकमात्र पूर्ण एकीकृत प्राथमिक ताम्र उत्पादक कंपनी है । कंपनी के पास कम पूँजी लागत में मूल्यवर्धन के लिए निर्माण क्षमता के विस्तार का तथा खनन क्षेत्र में और विकास के साथ-साथ वर्तमान खानों से उत्पादन बढ़ाकर अपनी खनन गतिविधि का श्रेष्ठतर बनाने की काफी गुंजाइश है ।

वर्तमान में ताँबे के प्रचलित वैश्विक मूल्य की तुलना में ताँबे की खनन लागत यथेष्ट कम है । उच्चतर उत्पादन तथा उत्पादकता और बेहतर तकनीकी दोनों पूँजी केन्द्रित और श्रम केन्द्रित द्वारा लाभ को और भी घनीभूत किया जा सकता है । विकसित देशों के लगभग 10 कि.ग्रा. की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति ताँबे की खपत 0.3 क्रि.ग्रा. है, इसलिए देश में ताँबे की वर्धित मांग वृद्धि दर की स्पष्ट गुंजाइश है ।

दूरसंचार क्षेत्र में आधारभूत संरचना और सुधार प्रक्रिया पर सरकार द्वारा अधिक जोर दिए जाने के फलस्वरूप भारतीय ताम्र उद्योग अपने गतिहीन अतीत से वर्तमान गतिशील स्थिति में पहुँच गया है । लगभग 4.50 लाख टन वार्षिक चालू मांग के 2010 तक 9.0 लाख टन तक पहुँच जाने की आशा है ।

कंपनी के आशंका बोध में अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी अस्थिरता, घरेलू ताँबे की मांग दर में होनेवाली वृद्धि के अनुपात में उत्पादन क्षमता में काफी अधिक वृद्धि, ऊर्जा एवं ईधन सहित निविष्टों की बढ़ती लागत और निवेश के लिए पर्याप्त निधियों की अनुपलब्धता शामिल है ।

14.3 भावी परिदृश्य

2004-05 में रु. 52.06 करोड़ का लाभ दर्ज कराने में कंपनी द्वारा की गई कार्रवाई सहायक सिद्ध हुई । हि.कॉ.लि. वर्ष 2005-06 में कंपनी के निर्णायक टर्न अराउन्ड के बारे में अब सोच रही है। जहाँ ताँबे के उच्चतर लं.धा. बाजार मूल्य ने कंपनी की खनन और अन्य प्रचालनों की समग्र व्यवहार्यता को सुधारा है वहीं हि.कॉ.लि. का जोर अब वर्ष 2005-06 में खनन उत्पादन और विकास जिसमें खेतड़ी के बनवास खंड से भंडार दोहन के लिए कूपक गर्तन (शैफ्ट सिंकिंग) शामिल है, को सुधारना, सभी उत्पादन संयंत्रों की वर्धित उपलब्धता सहित उच्चतर उत्पादन और वसूली को प्राप्त करने के लिए प्रगालक संयंत्रों की प्रचालनीय दक्षता को सुधारना, ऊर्जा, ईधन और आक्सीजन की लागत में कमी, मालसूची के साथ-साथ निविष्टों के विशिष्ट उपभोग में कमी, गैर निष्पादनीय आस्तियों और स्क्रैप का निपटान, कार्य संस्कृति में बदलाव और आउटसोर्सिंग द्वारा आवश्यकतानुसार जनशक्ति और प्रबंधकीय आवश्यक अपेक्षाओं का युक्तिकरण, ठोस कार्रवाई करने का दूसरा क्षेत्र होगा बातचीत के माध्यम से ब्याज दर में कमी करना और ऋणों के पुनर्भुगतान और पुनर्संरचना द्वारा ब्याज लागत कम करना। इसी बीच कंपनी ने पुरानी मशीनों और उपकरणों की मरम्मत तथा उन्हें बदलने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है । निधि की कमी के कारण विगत कुछ समय से इस कार्य को अनदेखा कर दिया गया था । खनन उपकरणों को समुन्नत और खनन विकास कार्य को आंशिक हल्का करते हुए

मलंजखंड ताम्र परियोजना की खुली खान और खेतड़ी तथा कोलिहान की भूमिगत खान के लंबित विकास कार्यों को 2004-05 में किया गया। संक्षेप में 2004-05 में कंपनी का सारा जोर अपनी आधार संरचना शक्ति को श्रेष्ठतर बनाने और लाभप्रदता को बनाए रखने पर होगा ।

14.4 जोखिम एवं चिन्ताएं

रुपए की तुलना में अमेरिकी डालर का अवमूल्यन, ताँबे की टीसी/आरसी दर शुद्ध वसूली के लिए चिन्ता तथा कारण है । इसके अलावा सीमा शुल्क में और कमी की संभावना तथा लंधाबा में ताँबे के मूल्य में गिरावट वर्तमान चिन्ता को और बढ़ा रही है । तथापि व्यावसायिक दृष्टिकोण सहित तकनीकी सुविधाओं द्वारा कंपनी इन चिन्ताओं से स्वाभाविक रुप से अपनी रक्षा कर रही है ।

14.5 आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उसकी पर्याप्तता

अपने आकार के समनुरूप कंपनी में सुव्यवस्थित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है । ज्यादा से ज्यादा पारदर्शिता के साथ-साथ प्रक्रियागत नियंत्रण को सहज बनाने के लिए ''क्रय मैनुअल'', ''ठेका मैनुअल'' को अद्यतन किया गया है । कंपनी ने बाहरी पेशेवर लेखा फर्मों को आंतरिक लेखा परीक्षा का कार्य सौंपा है । आंतरिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की बोर्ड द्वारा विवेचन की जाती है और प्रबंधन द्वारा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है ।

14.6 सतर्कता गतिविधियाँ

अच्छे नियंत्रण के लिए आकस्मिक निगरानी/नियमित निरीक्षण किए गए। सांविधिक एजेंसियों को रिटर्न और रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और मु.सु.आ. से समय-समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों का एहतियाती और निवारक उपायों के रूप में पालन तथा अनुसरण किया गया । प्रधान कार्यालय सहित सभी इकाइयों में 1 नवम्बर, 2004 से 6 नवम्बर, 2004 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के आयोजन द्वारा जागरूकता पैदा करने का अभियान चलाया गया । भ्रष्टाचार के दायरे को न्यूनतम करने तथा कार्य प्रणालियों और प्रक्रियाओं को सुधारने में प्रबंधन की सहायत करने के लिए निवारक सतर्कता पर जोर दिया गया ।

14.7 प्रचालनीय कार्य-निष्पादन के संबंध में वित्तीय कार्य-निष्पादन पर विचार-विमर्ष

14.7.1 2003-04 की तुलना में 2004-05 का संक्षिप्त वित्तीय कार्य-निष्पादन नीचे दिया गया है :

(रु. करोड़ में)

शीर्ष	2004-05	2003-04
क. बिक्री	559.11	518.87
ख. उत्पादन का मूल्य	631.24	534.43
ग. मूल्यह्रास, प्रावधान और बट्टे खाते/पुनरांकन तथा ब्याज को छोड़कर उत्पादन लागत	503.45	500.70
घ. मूल्यह्रास, प्रावधान और बट्टे खाते/पुनरांकन तथा ब्याज पूर्व लाभ/(हानि)	127.79	33.73
ङ. मूल्यह्रास एवं प्रावधान वट्टे खाते/पुनरांकन	32.74	30.26
च. ब्याज	42.99	59.63
छ. कर पूर्व लाभ/(हानि)	52.06	(56.16)
ज. कर के लिए प्रावधान	0.00	0.00
झ. आस्थगित कर पूर्व लेकिन करोत्तर लाभ/(हानि)	52.06	(56.16)

14.7.2 पूँजीगत व्यय

वर्ष 2004-05 के दौरान वर्तमान संयंत्र और मशीनरी के पुनर्स्थापन एवं नवीकरण के लिए सरकार से ईक्विटी के रूप में हि.कॉ.लि ने रु. 40 करोड़ प्राप्त किए ।

14.7.3 सरकार से सहायता अनुदान

वर्ष 2004-05 के दौरान हि.कॉ.लि. ने सरकार से रु. 35.00 करोड़ स्वै.सेवा-निवृति योजना द्वारा जनशक्ति को कम करने के लिए सहायता अनुदान के रूप में प्राप्त किए ।

14.7.4 बांड (सुरक्षित और असुरक्षित)

कुल रु. 63.33 करोड़ के 14% असुरक्षित निजी तौर पर दिए गए बांड में से कंपनी द्वारा पहले ही रु. 47.78 करोड़ प्रतिदेय कर दिए जाने के फलस्वरूप रु. 15.55 करोड़ शेष है, यद्यपि बांड भुगतान के लिए कालातिदेय है ।

31.3.2005 को कुल बांड एवं डिबेंचर देयता का विवरण निम्नलिखित रहा :

(करोड़ रु.)

14.00% असुरक्षित बांड	15.55
14.75% सुरक्षित बांड	4.91
10.65% सुरक्षित बांड	150.00
14% डिबेंचर	62.00
कुल	232.96

बांड और डिबेंचर और भी प्रतिदेय कर दिए गए हैं तथा इस रिपोर्ट की तिथि को बकाया देयता स्थिति इस प्रकार थी : 14% असुरक्षित बांड-रु. 14.92 करोड़, 14.75% सुरक्षित बांड - शून्य, 10.65% सुरक्षित बांड - रु. 150 करोड़ और 14% डिबेंचर - रु. 56.25 करोड़ ।

14.7.5 राजकोष में अंशदान

वर्ष 2004-2005 के दौरान कंपनी ने कुल रु. 104.50 करोड़ का अंशदान राजकोष किया, जो नीचे प्रस्तुत है :

विवरण	(करोड़ रु.)
उत्पादन शुल्क	76.36
सीमा शुल्क	0.31
बिक्री कर	9.40
रायल्टी एवं उपकर	15.62
अन्य	2.81
कुल	104.50

14.7.6 विदेशी मुद्रा में व्यय

वर्ष 2004-2005 के दौरान कंपनी ने घटकों, भंडार वस्तुओं तथा अतिरिक्त पुर्जो के आयात और यात्राओं पर रु. 2.38 करोड़ की विदेशी मुद्रा व्यय की है ।

14.7.7 विदेशी मुद्रा अर्जन

2004-2005 के दौरान कंपनी ने 2003-2004 में रिवर्टो के निर्यात द्वारा अर्जित रु. 20.09 करोड़ की तुलना में एनोड स्लाइम का निर्यात कर रु. 10.75 करोड़ की विदेशी मुद्रा अर्जित की ।

14.8 नियोजित व्यक्तियों की संख्या सहित मानव संसाधन/ औद्योगिक संबंध मोर्चे पर प्रत्यक्ष विकास

वित्त वर्ष 2004-05 के दौरान कंपनी में औद्योगिक संबंध की स्थिति शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण रही । वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध समस्या को लेकर किसी मानव दिवस की क्षति नहीं हुई । जनशक्ति में कुल 330 की कमी आयी, जिसमें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति द्वारा 265 कर्मचारियों को पृथक किया गया । 31.3.2004 के 5995 की तुलना में 31.3.2005 को कंपनी की जनशक्ति 5665 थी ।

14.8.1 अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. के उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए आरक्षण

31.3.2005 को कंपनी के कुल 5665 कर्मचारियों में से 15.82%, 12.09% और 12% कर्मचारी क्रमश: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के थे । पिछले 7-8 वर्षों के दौरान कोई नियुक्ति नहीं हुई ।

14.8.2 प्रबंधन में कर्मचारियों की भागीदारी

वर्षो से तीनों स्तर नामत: शीर्ष स्तर, इकाई स्तर और शॉप फ्लोर स्तर पर विभिन्न द्विपक्षीय मंचों के माध्यम से कर्मचारियों की प्रबंधन में भागीदारी ने लागत में कमी और उत्पादन, सुरक्षा, कल्याण और सौहार्दप्रद औद्योगिक संबंध के क्षेत्रों में अत्यधिक योगदान किया है ।

14.8.3 साम्प्रदायिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता

खेतड़ी, मलंजखंड और घाटशिला के साथ-साथ अन्य कार्य-स्थलों में स्थित टाउनशिपों में विभिन्न जाति, मत, धर्म के कर्मचारी एकता की भावना के साथ रहते हैं और सभी धार्मिक उत्सवों को धूमधाम से मनाते हैं ।

14.8.3 साम्प्रदायिक सामंजस्य एवं राष्ट्रीय एकता

खेतड़ी, मलंजखंड और घाटशिला के साथ-साथ अन्य कार्य-स्थलों में स्थित टाउनशिपों में विभिन्न जाति, मत, घर्म के कर्मचारी एकता की भावना के साथ रहते हैं और सभी धार्मिक उत्सवों को धूमधाम से मनाते हैं ।

14.8.4 महिलाओं के रोजगार की स्थिति

31.3.2005 को हि.कॉ.लि. की कुल संख्या की तुलना में वर्गवार महिला कर्मचारियों की संख्या नीचे दी गई है :

वर्ग	कुल संख्या	महिला कर्मचारियों की संख्या	कुल संख्या में महिला कर्मचारियों का प्रतिशत
वर्ग - क	673	20	2.97
वर्ग - ख	138	6	4.35
वर्ग - ग	3,983	137	3.44
वर्ग - घ	871	146	16.76
कुल :	5665	309	5.45

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार हि.कॉ.लि. ने अपनी सभी इकाइयों तथा कार्यालयों में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए समितियाँ गठित की हैं । हि.कॉ.लि. के आचरण, अनुशासन तथा अपील नियमों में भी इस संबंध में एक प्रावधान शामिल किया गया है ।

रिपोर्ट वर्ष के दौरान महिलाओं के यौन उत्पीड़न या कर्मचारियों में लिंग के आधार पर कोई भेद-भाव करने की घटना प्रकाश में नहीं आयी है।

14.8.5 अपंग व्यक्ति अधिनियम, 1985 के कार्यान्वयन की स्थिति

गत 7-8 वर्षों के दौरान कंपनी में जनशक्ति को युक्तिसंगत किया जा रहा है और इसलिए नई भर्ती की कोई गुंजाइश नहीं रहने के कारण शारीरिक अस्वीकृत व्यक्तियों की भर्ती भी नहीं की जा सकी । इसके अलावा कंपनी का खनन प्रचालन खतरनाक प्रकृति का होने के कारण शारीरिक अस्वीकृत व्यक्तियों को काम देने की जगह सीमित है । 1.4.2005 को कंपनी में शारीरिक अस्वीकृत व्यक्तियों की संख्या निम्नानुसार थी :

समूह	शारीरिक अस्वीकृत व्यक्तियों की संख्या
ए	1
बी	1
सी	40
डी	14
कुल	56

14.8.6 मानव संसाधन विकास

कंपनी द्वारा सभी स्तर के कर्मचारियों की कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण एवं विकास को समुचित महत्व दिया जाता है । उत्पादन, उत्पादकता एवं लाभप्रदता के सर्वोच्च परिणाम प्राप्त करने के लिए तेजी से बदल रही प्रौद्योगिकी की प्रकृति समझने/अद्यतन तकनीकी को अपनाने के लिए कर्मचारियों को तैयार करने के अलावा संगठन रचना और सही रूख अपनाने, टीम भावना विकसित करने तथा कार्य संस्कृति पर विशेष बल दिया गया ।

कामगार

सांविधिक, सुरक्षा, तकनीकी एवं कार्यकारी कार्यक्रमों के अलावा कामगारों को सामान्य शिक्षा एवं विकास कार्यक्रमों के लिए भी मुक्त किया गया । समाज के कमजोर वर्गों यथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कामगारों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए । विभिन्न परियोजनाओं के प्रशिक्षण केन्द्रों में आयोजित अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 1821 कामगारों ने भाग लिया ।

पर्यवेक्षक

उत्पादकता, सुरक्षा, लागत नियंत्रण, सम्प्रेषण एवं मानव संबंधों पर पर्यवेक्षीय विकास कार्यक्रमों में 85 प्रथम पंक्ति के शॉप फ्लोर एवं खान पर्यवेक्षकों ने भाग लिया ।

कार्यपालक

कार्यपालकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की सुनियोजित शिनाख्त के आधार पर देश में उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ संकाय को लेकर कंपनी में प्रबंध कार्यक्रम आयोजित किए गए । 341 कार्यपालकों को या तो कंपनी के घरेलू कार्यक्रमों के लिए मुक्त किया गया अथवा देश में विभिन्न संस्थानों द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में प्रतिभूत किया गया ।

15. खनन पट्टे की स्थिति

केसीसी स्थित खेतड़ी, कोलिहान और चाँदमारी के खनन पट्टे क्रमश: 22.2.2013, 23.11.2016 और 26.12.2012 तक वैध हैं। मलंजखंड के खनन पट्टे सं. 1 एवं 2 (चालू खानों के लिए) 26.8.2013 तक वैध है। मलंजखंड में भूमिगत खनन के विकास के लिए दो और पट्टों (पट्टा सं. 3 और 4) की मंजूरी के लिए हि.का.लि. का आवेदन मध्यप्रदेश राज्य सरकार के पास प्रक्रियाधीन है । भूमिगत खान की विकास खनन योजना तैयार कर ली गयी है और प्रस्तुत करने के अग्रिम चरण में है, क्योंकि भारतीय खान ब्यूरो द्वारा अनुमोदन मंजूरी के लिए यह पूर्वापेक्षित है । आईसीसी के राखा खनन पट्टे के समर्पण के लिए 17.5.2002 को आवेदन झारखंड राज्य सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है । राज्य सरकार के अन्तिम अनुमोदन की प्रतीक्षा है । आईसीसी के मुसाबनी खनन पट्टे की सभी खानें बंद कर दी गयी हैं, अत: सुरदा खान, जिसे श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के साथ हुई त्रिपक्षीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार वर्कर्स को-आपरेटिव द्वारा चलाया जाना प्रस्तावित है, को छोड़कर खनन पट्टों का नवीकरण नहीं कराते हुए 15.6.2004 को उन्हें समाप्त हो जाने दिया गया । सुरदा खान को चलाने के लिए 388.68 हेक्टेयर क्षेत्र पर मोसाबनी खनन पट्टे के आंशिक नवीकरण को खान

विभाग, झारखंड सरकार के समक्ष हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के पक्ष में नवीकृत कराने के लिए 5.6.2004 को प्रस्तुत किया गया है । इस पट्टे के नवीकरण के बाद इसे सुरदा खान चलाने के लिए वर्कर्स को-आपरेटिव के नाम पर हस्तानांतरित कर दिया जाएगा।

16. निगमित प्रबंध

सेबी के निर्देशों तथा स्टॉक एक्सचेंज सूचीकरण अपेक्षा के अनुसार निगमित प्रबंधन के संबंध में एक रिपोर्ट निगमित प्रबंध पर सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी प्रमाणपत्र के साथ अनुलग्नक 1 में प्रस्तुत है, जो इस रिपोर्ट का एक भाग है ।

17. निदेशकों की जिम्मेदारी सम्बंधी विवरण

i. आपके निदेशक पुष्टि करते हैं कि 31 मार्च, 2005 को समाप्त अवधि के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करते समय उपयुक्त लेखा मानकों को सामग्री संबंधी रवानगी/घट-बढ़ के यथोचित स्पष्टीकरणों के साथ अपनाया गया है ।

ii. ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया गया है तथा अपनाया गया है जो युक्तिसंगत एवं दूरदर्शी हैं तथा 31 मार्च, 2005 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी के क्रिया कलापों तथा इसी वर्ष की कंपनी के लाभ-हानि की सही एवं निष्पक्ष राय देती है ।

iii. कंपनी की आस्तियों को सुरक्षित रखने वाले तथा जालसाजी एवं अन्य अनियमितताओं का निरोध एवं पर्दाफाश करने वाले अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखा अभिलेखों की यथोचित देख रेख के लिए समूचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गयी है ।

iv. निदेशकों ने वार्षिक लेखों को कंपनी के चलने योग्य आधार पर तैयार किया है ।

18. राष्ट्रपति से निर्देश

वर्ष 2004-2005 के दौरान कंपनी ने राष्ट्रपति से कोई निर्देश प्राप्त नहीं किया है ।

19. निदेशक मंडल

कंपनी के पिछले प्रतिवेदन के पश्चात निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए :

श्रीमती सुधा पिल्लई 18.8.2004 से हि.का.लि. की अंशकालिक सरकारी निदेशक नहीं रहीं और श्री आर. के. भार्गव, अपर सचिव (खान) ने 18.8.2004 से श्रीमती सुधा पिल्लई के स्थान पर अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में प्रभार ग्रहण किया।

श्री वी. के. ठकराल, संयुक्त सचिव, खान मंत्रालय को श्री हेम पांडे, जो 28.8.2004 से निदेशक नहीं रहे, के स्थान पर हि.का.लि. के बोर्ड में 18.11.2004 को अंशकालिक सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया ।

सर्वश्री एम. समाजपति एव पी. स्वरूप क्रमश: 27.9.2004 एवं 23.2.2005 को हि.कॉ.लि. के निदेशक (वित्त) और निदेशक (प्रचालन) के रूप में नियुक्त हुए ।

एसटीसी लि. में निदेशक (कार्मिक) के रूप में कार्यग्रहण करने के फलस्वरूप श्री राणा सोम 31.3.2005 से निदेशक (कार्मिक) एवं कार्यकारी अ.प्र.नि. नहीं रहे । श्री एम. समाजपति, निदेशक (वित्त) ने 31.3.2005 से हि.कॉ.लि. के कार्यकारी अ.प्र.नि. का प्रभार ग्रहण किया।

निदेशक मंडल श्रीमती सुधा पिल्लई, श्री हेम पांडे, श्री राणा सोम द्वारा हि.कॉ.लि. के बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान दी गई बहुमूल्य सेवाओं और योगदान के लिए आभार व्यक्त करता है ।

20. लेखा परीक्षक

मेसर्स दिनेश मेहता एंड कंपनी, नई दिल्ली तथा मेसर्स एम. सी. भंडारी एंड कंपनी, कोलकता की वर्ष 2004-2005 में कंपनी के लेखों की लेखा परीक्षा हेतु संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति की गई।

केसीसी तथा आईसीसी में क्रमश: गंधकाम्ल के निर्माण संबंधी 2004-2005 के लागत लेखों की लेखा परीक्षा हेतु मेसर्स एच तारा एंड कंपनी, नई दिल्ली तथा मेसर्स शेखर रंजन गुहा, कोलकाता की कंपनी के लागत लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्ति की गई ।

लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक

कंपनी अधिनियन, 1956 की धारा 224 के अनुसार भारत के लेखा नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा धारा 619 के अंतर्गत नियुक्त किए जाने वाले लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक कंपनी द्वारा साधारण सभा में या साधारण सभा में जैसा कंपनी संकल्प करे, उस तरह निश्चित किया जाना है । अत: भारत के लेखा नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक की सिफारिश पर केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने वाले वर्ष 2004-2005 के सांविधिक लेखा परीक्षकों की पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए शेयरधारकों के विचार हेतु साधारण कार्य व्यापार के तहत एक साधारण संकल्प की बोर्ड ने अनुशंसा की है ।

21. लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक तथा सांविधिक लेखा परीक्षकों के मन्तव्य तथा प्रबंधन का जवाब

इस प्रतिवेदन में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अंतर्गत 31.3.2005 को समाप्त वर्ष में कंपनी के लेखों पर लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का मन्तव्य तथा आपकी कंपनी के लेखों की ले.नि.एवं म.ले. परीक्षक द्वारा समीक्षा और सांविधिक लेखा परीक्षकों के विचार प्रबंधन के उन पर जवाब सहित संलग्न है ।

22. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2 क) की अपेक्षानुसार कर्मचारियों का विवरण

कंपनी के किसी कर्मचारी ने कंपनी (कर्मचारियों का विवरण) नियम, 1975 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2क) में निर्धारित सीमा से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त नहीं किया है ।

23. कृतज्ञता ज्ञापन

अंत में आपके निदेशकगण समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कठिन परिश्रम करने वाले सभी कर्मचारियों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं । निदेशक मंडल भारत सरकार के खान मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त बहुमूल्य सहयोग एवं मार्गदर्शन तथा राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल राज्य सरकारों, कंपनी के बैंकरों, लेखा परीक्षकों, ले. नि. एवं म.ले.प., ग्राहकों तथा विभिन्न परियोजनाओं के मान्यताप्राप्त श्रमिक संघों के पदाधिकारियों से प्राप्त सहायता के लिए भी कृतज्ञता ज्ञापित करता है ।

कृते निदेशक मंडल और उसकी ओर से

एम समाजपति

कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक : 20 जुलाई, 2005

स्थान : कोलकाता

निदेशक मंडल के प्रतिवेदन का अनुलग्नक — I

निगमित प्रबंध पर रिपोर्ट

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के अनुसार निगमित प्रबंध के प्रावधानों के अनुपालन की रिपोर्ट नीचे प्रस्तुत है ।

निगमित प्रबंध पर कंपनी का दर्शन

अच्छे निगमित प्रबंध का मतलब अच्छी कारोबार प्रथाएं अपनाना है ताकि कंपनी केवल नियामक रूपरेखा में ही न चले बल्कि आचार नीति से भी मार्गदर्शन प्राप्त करे । ऐसी निगमित प्रथाएं कंपनी के प्रभारी के उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने के साथ साथ निवेशकों, ग्राहकों, ऋणदाताओं, कर्मचारियों और समाज को भी काफी लाभ पहुँचाती है ।

अधिदशात्मक आवश्यकता

1. निदेशक मंडल

क. बोर्ड का गठन

रिपोर्ट तिथि को कंपनी के निदेशक मंडल में दो कार्यकारी निदेशक शामिल हैं - निदेशक (वित्त) जो कार्यकारी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक भी हैं, निदेशक (प्रचालन) और खान मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सरकारी निदेशक । बोर्ड में अभी कोई स्वतंत्र निदेशक (अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक) नहीं हैं और दो पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशकों यथा नियामित अ.प्र.नि. और निदेशक (कार्मिक) के पद क्रमश: 30.11.2003 एवं 31.3.2005 से रिक्त पड़े हैं अत: हिकॉलि ने खान मंत्रालय से अनुरोध किया है कि बोर्ड में अपेक्षित संख्या में निदेशकों को पदासीन करें ताकि निगमित प्रबंध की अपेक्षानुसार विभिन्न समितियों के साथ-साथ बोर्ड का सम्पक गठन किया जा सके ।

निदेशक मंडल के सदस्यों का निदेशक पारिश्रमिक प्राप्ति को छोड़कर कंपनी, इसके प्रमोटरों के साथ कोई भौतिक द्रव्य विषयक संबंध या लेन देन नहीं है जो बोर्ड के निर्णय में निदेशकों के निर्णय करने की स्वतंत्रता को प्रभावित करे ।

बोर्ड सदस्यों का विवरण नीचे दिया गया है :

नाम	निदेशक की श्रेणी	बाहरी निदेशकता की संख्या	बाहरी समिति में धारित उच्च पद की संख्या	
			अध्यक्ष	सदस्य
कार्यपालक				
श्री एम. समाजपति, नि. (वित्त) एवं कार्यकारी अ.प्र.नि *(27.9.04)	कार्यकारी	-	-	-
श्री पी. स्वरूप, नि. (प्रचा.) (23.2.05 से)	कार्यकारी	1	-	-
श्री राणा सोम, नि. (का.) (31.3.05 तक)	कार्यकारी	-	-	-
गैर कार्यपालक (सरकारी निदेशक)				
श्री आर. के. भार्गव (18.8.04 तक)	अंशकालिक सरकारी	1	1	-
श्री वी. के. ठकराल (18.11.04 से)	अंशकालिक सरकारी	1	-	1
श्रीमती सुधा पिल्लई (2.07.04 से 18.08.04 तक)	अंशकालिक सरकारी	-	-	-
श्री मधुकर गुप्ता (2.7.04 तक)	अंशकालिक सरकारी	-	-	-
श्री हेम पांडे (28.8.04 तक)	अंशकालिक सरकारी	2	-	2
गैर कार्यपालक (स्वतंत्र निदेशक)				
श्री एस. बी. कुचेरिया (28.5.04 तक)	अंशकालिक गैर सरकारी	3	2	2
श्री वी. के. चनाना (28.5.04 तक)	अंशकालिक गैर सरकारी	8	-	2

* 31.3.2005 से कार्य. अप्रनि का अतिरिक्त प्रभार

(ख) निदेशकों की उपस्थिति

वर्ष 2004-2005 के दौरान बोर्ड की बैठकों में तथा पिछली साधारण सभा में निदेशकों की उपस्थिति नीचे दी गई है :

निदेशकों के नाम	7 बोर्ड बैठकों से उपस्थिति दर्ज गई बैठक (कों) की सं.	पिछली वार्षिक साधारण सभा में उपस्थिति
श्री एम. समाजपति	5	उपस्थित
श्री पी. स्वरूप	2	-
श्री राणा सोम	7	उपस्थित
श्री आर. के. भार्गव	6	उपस्थित
श्री वी. के. ठकराल	4	-
श्रीमती सुधा पिल्लई	-	-
श्री मधुकर गुप्ता	-	-
श्री हेम पांडे	2	-
श्री वी. के. चनाना	-	-
श्री एस. बी. कुचेरिया	1	-

वर्ष 2004-2005 के दौरान 7 (सात) बोर्ड बैठकें 29.4.2004, 26.8.2004, 9.11.2004, 2.12.2004, 7.1.2005, 24.2.2005, 31.3.2005 को हुई तथा बोर्ड के अधिकांश सदस्य उपस्थित हुए । तथापि जो निदेशक पूर्वव्यस्तता के कारण बैठक में भाग नहीं ले पाए, उनकी अनुपस्थिति छुट्टी को मंजूर कर लिया गया ।

(ग) बोर्ड की प्रक्रिया

बोर्ड की बैठकें आमतौर पर दिल्ली में होती हैं । बोर्ड की प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बैठक होती है, जिसमें रणनीति निर्माण, नीति एवं नियंत्रण, अधिकारों का प्रतिनिधान तथा तिमाही परिणामों का अनुमोदन, वार्षिक प्रचालन योजना तथा बजट, इकाइयों के कार्य निष्पादन की समीक्षा तथा आवश्यक सांविधिक विषय पर विचार किया जाता है । बैठक की कार्यसूची अ.प्र.नि./कार्यकारी निदेशकों की परामर्श से कंपनी सचिव तैयार करते है और बोर्ड कागजात निदेशकों को अग्रिम ही वितरित कर दिए जाते हैं । बोर्ड के सदस्यों की पहुँच सभी सूचनाओं तक होती है और वे कार्यसूची में विचार के लिए किसी विषय को शामिल करने की सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र होते हैं । कंपनी के वरिष्ठ कार्यपालकों को बैठक में उपस्थित होने का आमंत्रण दिया जाता है और जरूरत होने पर वे स्पष्टीकरण प्रदान करते है । अंशकालिक निदेशक बोर्ड बैठक में चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं तथा वित्त, विपणन, विधि, लोक नीति और प्रचालन के क्षेत्र में अपना विस्तृत अनुभव कंपनी के समक्ष रखते हैं ।

कंपनी की (4) प्रचालनरत इकाइयों खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स (केसीसी), इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स (आईसीसी), मलंजखंड ताम्र परियोजना (मताप) तथा तलोजा ताम्र परियोजना (ततप) का नेतृत्व इकाई-प्रधान करते हैं जो कार्यकारी निदेशकों एवं अ. प्र. नि. की व्यापक देखरेख में काम करते हैं ।

घ. निदेशकों का पारिश्रमिक

i. अंशकालिक निदेशकों की सिटिंग फीस

28.5.2005 को हि.कॉ.लि. बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है । खान मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले अंशकालिक सरकारी निदेशक तथा पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक सिटिंग फीस के हकदार नहीं हैं । अंशकालिक गैर सरकारी निदेशका

को प्रत्येक बोर्ड बैठक के लिए रु. 800/- की दर से और प्रत्येक समिति बैठक के लिए रु. 400/- की दर से सिटिंग फीस दी जाती है । अंशकालिक गैर सरकारी निदेशकों को 1.4.2004 से 31.3.2005 की अवधि के दौरान प्रदत्त सिटिंग फीस निम्न प्रकार थी :

गैर सरकारी अंशकालिक निदेशक	बोर्ड बैठक के लिए (रु.)	समिति बैठक के लिए (रु.)
श्री वी. के. चनाना	-	-
श्री. एस. बी. कुचेरिया	800	-

ii पूर्णकालिक निदेशकों को पारिश्रमिक

2004-2005 के दौरान पूर्णकालिक निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण इस प्रकार रहा :

निदेशकों का पारिश्रमिक	(लाख रु. में)
वेतन एवं भत्ते	4.96
भविष्य निधि में अंशदान	0.49
चिकित्सा प्रतिपूर्ति	1.47
छुट्टी नकदीकरण	1.13
ग्रेच्यूटी	-
कुल	8.05

2. लेखा परीक्षा समिति

हिकॉलि बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों का अपना कार्यकाल पूरा होने पर सेवा निवृत्त हो जाने से वर्ष 2004-05 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की बैठकें नहीं हो पायी । इसलिए कंपनी ने मंत्रालय के समक्ष अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला रखा है, जिनके बोर्ड में आगमन पर लेखा परीक्षा समिति का पुर्नगठन किया जाएगा ।

3. पारिश्रमिक समिति

सरकारी कंपनी होने के कारण भारत सरकार द्वारा निदेशकों की नियुक्ति के लिए पारिश्रमिक, नियम एवं शर्तें तय की जाती हैं । अत: कंपनी द्वारा कोई पारिश्रमिक समिति गठित नहीं की गई है ।

4. निवेशक शिकायत समिति

सरकार द्वारा हिकॉलि बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के बाद निवेशक शिकायत समिति गठित की जाएगी । 31.3.2005 को बकाया शिकायत शून्य थी । वर्ष के दौरान कोई बैठक नहीं हुई ।

5. शेयर अंतरण समिति

कंपनी में सभी कार्यकारी निदेशकों को शामिल कर शेयर/बांड अंतरण समिति नामक बोर्ड की एक उप समिति पहले से ही विद्यमान है। 2003-2004 के दौरान समिति ने 11 (ग्यारह) बार 24.4.2004, 2.6.2004, 3.7.2004, 4.8.2004, 7.9.2004, 27.9.2004, 2.11.2004, 9.12.2004, 12.1.2005, 9.2.2005, 14.3.2005 को बैठक की तथा शेयरों, बांडों के अंतरण/अग्रेषण तथा डुप्लीकेट सर्टिफिकेट को जारी करने आदि का अनुमोदन किया । सूचीबद्धता करार खण्डों के अनुसार कंपनी सचिव को अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है । 31.3.2005 को शेयर/बांड अंतरण का कोई मामला लंबित नहीं था ।

6. साधारण सभा

विगत 3 वित्तीय वर्षों के दौरान हुई साधारण सभा के स्थान तथा समय निम्न प्रकार थे :

वर्ष	वार्षिक साधारण सभा			विशेष साधारण सभा		
	तिथि	स्थान	समय	तिथि	स्थान	समय
2002	27.09.2002	कोलकाता	अपराह्न 3.30	20.02.2002	कोलकाता	अपराह्न 4.30
2003	30.09.2003	कोलकाता	अपराह्न 4.00	-	-	-
2004	30.09.2004	कोलकाता	अपराह्न 4.00	-	-	-

गत दो वार्षिक साधारण सभाओं में कंपनी की अधिकृत शेयर पूँजी बढ़ाने और अधिमान्यता आधार पर भारत के राष्ट्रपति को शेयर जारी करने के विशेष संकल्प पारित किए गए ।

विगत वर्ष कोई विशेष संकल्प मतपत्रों द्वारा नहीं रखा गया ।

7. प्रकटीकरण

वर्ष 2004-2005 के दौरान कंपनी ने निदेशकों के साथ ऐसा कोई द्रव्यात्मक प्रकृति का लेन देन नहीं किया है जो कंपनी के हितों के व्यापक प्रतिकूल होने की संभावना रखने में स्वतंत्र हो । कंपनी पर स्टाक एक्सचेंज अथवा सेबी द्वारा पूँजी बाजार से संबंधित किसी भी विषय पर दण्ड, आक्षेप नहीं लगाया गया ।

8. संचार माध्यम

कंपनी अपने शेयरधारियों से अपनी वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय परिणामों के प्रकाशन तथा सभी सांविधिक निकायों में रिपोर्टों एवं रिटर्नों की प्रस्तुती एवं फाइलिंग के माध्यम से संवाद करती है । कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन कंपनी की वेबसाईट www.hindustancopper.com पर भी प्रदर्शित है । 2004-2005 के दौरान अलेखापरीक्षित कार्यकारी परिणाम फाइनेंसियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी समाचार पत्र) तथा संवांद प्रतिदिन (बंगला समाचार पत्र) में कंपनी द्वारा प्रकाशित कराए गए थे । वर्ष के दौरान किसी संस्था निवेशक या कोई विश्लेषणकर्ता को कोई प्रस्तुतीकरण नहीं दिया गया ।

9. सामान्य शेयरधारकों की सूचना

i. 38वीं वार्षिक साधारण सभा

तिथि : 30.9.2005

समय : अपराह्न 4.00

स्थान : ताम्र भवन

1 आशुतोष चौधरी एवेन्यू, कोलकाता - 700019

ii. वित्त वर्ष 2005-2006 (अनन्तिम)

तिमाही परिणाम

30 जून, 2005 का	:	जुलाई, 2005 का 4था सप्ताह
30 सितम्बर, 2005 का	:	अक्तूबर, 2005 का 4था सप्ताह
31 दिसम्बर, 2005 का	:	जनवरी, 2006 का 4था सप्ताह
31 मार्च, 2006 का	:	अप्रैल, 2006 का 4था सप्ताह
iii. बही-बन्दी तिथि	:	23.9.2005 से 30.9.2005 (दोनों तिथियों के साथ)
iv. लाभांश भुगतान तिथि	:	कंपनी द्वारा किसी भी लाभांश की सिफारिश नहीं की गयी है ।
v. स्टाक कोड के साथ शेयर बाजारों में इक्विटी शेयरों का सूचीकरण	:	कोलकाता - 18067 मुम्बई - 513599 दिल्ली - 6917 चेन्नई - हिन्दकॉपर अहमदाबाद - 24709/हिन्दुस्ताकॉ उपरोक्त सभी स्टॉक एक्सचेंजों को 2005-2006 के वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान कर दिया गया है ।

vi. शेयरों बाजार मूल्य आँकड़े : वित्त वर्ष 2004-2005 के दौरान मुवई शेयर बाजार (बीएसई) में शेयरों की हुई सौदेबाजी का मासिक उच्च और निम्न भाव :

मास	बी एस ई	
	उच्च (रु.)	निम्न (रु.)
अप्रैल, 2004	51.90	42.05
मई, 2004	50.00	33.40
जून, 2004	36.50	28.06
जुलाई, 2004	36.25	27.25
अगस्त, 2004	33.11	29.20
सितम्बर, 2004	44.00	29.61
अक्तुबर, 2004	49.21	38.21
नवम्बर, 2004	46.00	37.00
दिसम्बर, 2004	43.00	34.96
जनवरी, 2005	43.00	34.90
फरवरी, 2005	64.91	37.50
मार्च, 2005	81.50	56.11

vii. रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता

कंपनी का ताम्र भवन, 1 आशुतोष चौधरी एवेन्यू, कोलकाता में स्थित अपने निगमित एवं पंजीकृत कार्यालय में पूर्ण विकसित शेयर कक्ष है । तथापि डिमैट से संबंधित सभी शेयरों के मामलों और कंम्पूटर में सारे रिकार्ड की देखभाल पर ध्यान देने के लिए कंपनी ने मेसर्स एमसीएस लि. 77/2 ए हाजरा रोड, कोलकाता 700 029 को नियुक्त किया है ।

viii. शेयर अंतरण प्रणाली

कंपनी द्वारा प्राप्त शेयर अंतरण के आवेदनों पर कार्रवाई की जाती है तथा जैसाकि शेयर बाजारों के सूचीकरण मानकों में निर्दिष्ट है, आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिए जाते हैं ।

ix. 31 मार्च, 2005 को शेयरधारिता प्रतिमान :

श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	%
1. भारत के राष्ट्रपति	72,44,19,500	99.48
2. म्युचुअल फंड	300	00.00
3. वित्तीय संस्थान	18,75,500	00.257
4. निजी निगमित निकाय	5,20,806	0.072
5. कर्मचारियों सहित भारतीय जनता	13,70,611	0.187
6. एनआरआई/ओसीबी	31,283	0.004
कुल	72,82,18,000	100.00

निदेशक मंडल के तिवेदन का अनुलग्नक – I (जारी)

x. 31 मार्च, 2005 को शेयरधारिता का वितरण :

विस्तृति		शेयर	फोलियो	% शेयर
1	500	588111	2968	0.0808
501	1000	184466	219	0.0253
1001	2000	207000	131	0.0284
2001	3000	113309	44	0.0156
3001	4000	75400	21	0.0104
4001	5000	57731	12	0.0079
5001	10000	170383	25	0.0234
10001	50000	474200	26	0.0651
50001	100000	53100	1	0.0073
100001	एवं अधिक	726294300	7	99.7358
कुल		728218000	3444	100.0000

xi. शेयरों का डिमैटिरियलाइजेशन

कंपनी के शेयर इलेक्ट्रानिक विधि में अनिवार्य रूप से कारोबार योग्य है और राष्ट्रीय प्रतिभूति भंडार लि. (एनएसडीएल) और केन्द्रीय भंडार सेवा (भारत) लि. (सीडीएसएल) दोनों भंडारों में कारोबार के लिए उपलब्ध है । अंतराष्ट्रीय प्रतिभूति शिनाख्त संख्या (आईएसआईएन) कंपनी के इक्विटी शेयर के लि 11.9.02 से आईएनई 531 ई 01018 आबंटित की गई है । 31.3.05 को डिमैटिरियलाइजेशन की स्थिति इस प्रकार थी ।

विवरण	शेयरों की सं.	धारिता का %	फोलियों सं.
डिमैट :			
क. एन एस डी एल	34,19,200	0.469	1758
ख. सी डी एस एल	–	–	–
भौतिक :			
क. भारत सरकार	72,44,19,500	99.478	1
ख. अन्य	3,79,300	0.053	1685
कुल :	72,82,18,00	100.000	3444

xii. बकाया जीडीआर/एडीआर/वारंट या कोई परिवर्तनीय इंस्ट्रूमेंट, परिवर्तन तिथि और ईक्विटी पर संभावित प्रभाव :
कंपनी ने आज की तिथि तक कोई जीडीआर/एडीआर या कोई परिवर्तनीय इंस्ट्रूमेंट जारी नहीं किया है ।

xiii. संयंत्र स्थान

इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स
पो. आ. घाटशिला
जिला - सिंहभूम
झारखंड

खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स
पो. आ. खेतड़ीनगर
जिला - झुंझुनू
राजस्थान

मलंजखंड ताम्र परियोजना
पो. आ. मलंजखंड
जिला - बालाघाट
मध्य प्रदेश

तलोजा ताम्र परियोजना
पो. आ. तलोजा
जिला - रायगढ़
महाराष्ट्र

xiv. पत्राचार का पता

शेयरधारक अपेक्षित सूचना के लिए कंपनी सचिव, हि.कॉ.लि. निगमित कार्यालय, 1, आशुतोष चौधरी एवेन्यू, कोलकाता - 700 019 को लिखें या अपनी जिज्ञासा हिन्दकॉप@बीएसएनएल.काम में ई-मेल करें ।

अनधिदेशात्मक आवश्यकताएं

क. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समेत कंपनी के सभी पूर्णकालिक निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं तथा उनकी नियुक्ति की शर्तों के तहत ही उन्हें पारिश्रमिक प्रदान किया जा रहा है । अत: कंपनी ने निदेशकों के पारिश्रमिक के संबंध में नीति निर्धारण के लिए कोई पारिश्रमिक समिति नहीं बनाई है ।

ख. बोर्ड के अध्यक्ष कंपनी के एक पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक हैं । उन्हें केवल वही सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जो भारत सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति के नियमों एवं शर्तों के अधीन स्वीकृत है ।

ग. वित्तीय कार्य-निष्पादन की तिमाही घोषणा तथा महत्वपूर्ण घटनाओं का सारांश प्रेस विज्ञापनों के माध्यम से शेयरधारकों को अवगत करा दिया जाता है ।

घ. कंपनी की नीति के अनुसार अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है ।

निगमित प्रबंध पर अनुपालन प्रमाण पत्र

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड

कोलकाता के सदस्यो

31.03.2005 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा शेयर बाजार(रों) के साथ किए गए सूचीबद्धता करार के खंड 49 में अनुबंधित हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा निगमित प्रबंध की शर्तों के अनुपालन की जाँच हमने की है ।

निगमित प्रबंध की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन का दायित्व है । हमारी जाँच कंपनी द्वारा निगमित प्रबंध की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपनायी गयी प्रक्रिया और कार्यान्वयन तक सीमित थी । कंपनी के वित्तीय विवरण पर यह न तो लेखा परीक्षा है न ही राय की अभिव्यक्ति है ।

